# कार्यवाही विवरण

मेसर्स शिवाय मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (डायरेक्टर श्री पवन प्रसन्ना येरगोलकर), ग्राम–छितापंडरिया, तहसील–जैजैपुर, जिला–सक्ती स्थित कुल क्षेत्रफल–8.805 हेक्टेयर के डोलोमाईट (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता–4,00,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् **दिनांक 04/06/2025 दिन बुधवार, समय 11:00 बजे, स्थान–नवीन प्राथमिक शाला खदानपारा छितापड़रिया के समीप स्थित खेल मैदान तहसील–भोथिया, जिला–सक्ती (छ.ग.)** में आयोजित लोक सुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की, ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स शिवाय मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (डायरेक्टर श्री पवन प्रसन्ना येरगोलकर), ग्राम–छितापंडरिया, तहसील–जैजैपुर, जिला–सक्ती स्थित कुल क्षेत्रफल–8.805 हेक्टेयर के डोलोमाईट (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता–4,00,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में **स्थानीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर, बिलासपुर में दिनांक 03/05/2025 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र द पायोनियर, नई दिल्ली के मुख्य संस्करण में दिनांक 03/05/2025 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी।** तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक **दिनांक 04/06/2025 दिन बुधवार, समय 11:00 बजे, स्थान–नवीन प्राथमिक शाला खदानपारा छितापड़रिया के समीप स्थित खेल मैदान तहसील–भोथिया, जिला–सक्ती (छ.ग.)** में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14/09/2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–सक्ती, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय, जिला पंचायत सक्ती, जिला–सक्ती, अनुविभागीय अधिकारी (रा0), कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती, जिला–सक्ती, महाप्रबंधक, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, चांपा, जिला–जांजगीर–चांपा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत–बाराद्वार, जिला–सक्ती, क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, **सरपंच/सचिव कार्यालय, ग्राम पंचायत छितापड़रिया, डूमरपारा, डेरागढ़ ठठारी, बस्ती बाराद्वार, लोहराकोट, खम्हरिया, भोथिया, दर्राभाटा, तहसील–जैजैपुर, जिला–सक्ती (छ.ग.),** डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग,

जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है। परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां सूचना प्रकाशन जारी होने के दिनांक से 15 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि **दिनांक 04/06/2025 दिन बुधवार, समय 11:00 बजे, स्थान–नवीन प्राथमिक शाला खदानपारा छितापड़रिया के समीपस्थित खेल मैदान तहसील–भोथिया, जिला–सक्ती (छ.ग.)** में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री **अरूण सोम, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सक्ती, जिला–सक्ती (छ.ग.)** द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में संक्षिप्त जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से उद्योग प्रतिनिधि **श्री ऋषि सिंह बनाफर एवं श्री बी. डी. पाण्डेय, तकनीकी सलाहकार, अल्ट्राटेक इन्वायरमेंटल कंसलटेंसी एण्ड लेब्रोट्री** के द्वारा मेसर्स शिवाय मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (डायरेक्टर श्री पवन प्रसन्ना येरगोलकर), ग्राम–छितापंडरिया, तहसील–जैजैपुर, जिला–सक्ती स्थित कुल क्षेत्रफल–8.805 हेक्टेयर के डोलोमाईट (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता–4,00,000 टन प्रतिवर्ष के परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को अवगत कराया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सक्ती, जिला–सक्ती (छ.ग.)** द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों द्वारा मौखिक एवं लिखित रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री गनपत, ग्राम–छितापंडरिया** :– ये खदान खुलत हे मै सहमत हव।

2. **श्री सुरेश कुमार यादव, ग्राम–छितापंडरिया** :– आज खदान खुल रहा है उसका मैं समर्थन करता हूँ।

3. **श्री चिन्नीलाल चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :– मैं ये कहना चाहत हव कि जो गांव मा खदान खुलत है मैं सहमत हव। हमर गांव के जतका भाई मन बेरोजगार हे उनको रखा जाये। मेरा यही निवेदन है।

4. **श्री तिरथराम यादव, ग्राम–तलवा** :– खदान खुले के समर्थन करत हव।

5. **श्री हेमंत कुमार यादव, ग्राम–छितापंडरिया** :– शिवाय मिनरल्स जो माइंस खुलत हे ग्राम छितापंडरिया में ऐमा तो हम लोग समर्थन है। परंतु समर्थन के दो शब्द बताये के कोशिश करत हव। ऐखर से पहले गांव मा और भी खदान संचालित है। खदान संचालित है ओखर से हमर ग्राम छितापंडरिया में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है जैसे कि गांव में आज बहुत से लडका मन ला काम मिल गये हे। जैसे ड्राईव्हर, पोकलेन ड्राईव्हर बहुत सारा गांव का बच्चा है 18 साल 20 साल का गांव में काम सीखे का अवसर मिलत हे। जैसे काम सिखत हे वैसे ओ मन ला कही न कही गांव में रोजगार एवं आसपास में ड्राईव्हरी के काम अन्य खदान से संबंधित सुपरवाईजर वगैरह–वगैरह के काम मिल जावत हे। दूसरी बात ये है कि सबसे बडी लाभ ये है आज हमर गांव मा डोलोमाईट होने के कारण यहां रायल्टी के पैसा आवत हे। पिछले वर्ष 1 करोड़ 97 लाख रूपया पैसा आये हे। कोई छोटे–मोटे राशि नो हे। यहां सब खदान के ही देन हे, सरकार के देन हे। सरकार 50 प्रतिशत राशि ला हमर ग्राम पंचायत मा पुनः फिर से भेज के जो रायल्टी के पैसा आवत हे और जनपद पंचायत में आधा पैसा जावत हे। ओतकी पैसा जनपद मा जावत हे ओतकी पैसा ग्राम पंचायत मा जावत हे। जनपद के जो पैसा जावत हे क्षेत्र में पूरा ब्लॉक का विकास होवत हे। ग्राम पंचायत मा जो पैसा आवत हे, पूरा गांव मा विकास होवत हे। ओमा हमला स्वतंत्रता हवय पैसा में। हमर ग्रामसभा में निर्णय लेथन। गांव मा पानी के जरूवत हे तो पानी के व्यवस्था किये जाथे। अगर हमला बिजली के व्यवस्था है तो बिजली के व्यवस्था किये जाथे। अगर रोड़ के जरूवत है तो रोड़ के व्यवस्था किये जाथे। हमन स्वतंत्र हन। ये बहुत बड़ी बात है। आज खदान खुले के काबर विरोध करबो, हमन तो चाहथन कि गांव में ज्यादा से ज्यादा खदान खुले। हर व्यक्ति ला ओखर से रोजगार के साधन मिले। हमन रोजगार के साधन मिले

करके खदान के समर्थन करत हन। गांव मा तीन खदान और माइंस संचालित नही हे जिसके प्रत्यक्ष रूप से अप्रत्यक्ष रूप से लाभ गांव मा एम्बुलेंस दूसरे कंपनी के द्वारा दिये जाथे। बेटी की शादी मा दिये जाथे, छट्ठी कार्यक्रम मा दिये जाथे, मरनी कार्यक्रम मा दिये जाथे, समाजिक कार्यक्रम मा दिये जाथे, धार्मिक कार्यक्रम मा दिये जाथे, आसपास में जो हमर खदान खुलत हे। इस क्षेत्र में उमंग से प्रत्यक्ष रूप से अप्रत्यक्ष रूप से दोनो लाभ है हमला, ऐखर बर समर्थन करे पडत हे और शिवाय मिनरल्स के जो खदान खुलत हे। ये हमर ग्राम पंचायत से 600 मीटर की दूरी परी है। जेला हमर गांव के नुकसान के संभावना दूर–दूर तक प्रतीत नहीं होथे। मोर ये छोटे से ये सुझाव है जेला मोला ये सब देखे बर गांव मा मिले है जो ट्रांसपोटिंग के काम है जो ट्रांसपोटिंग के काम में जो गिट्टी गिरथे तेखर से आवागमन में अवरोध पैदा होथे। ओखर से मोर निवेदन रयही। अवरोध बिल्कुल रूप से नहीं होये। जेमा से एग्रीमेंट करे हे। जो शिवाय मिनरल्स एग्रीमेंट के तहत् लगाना पडही। ओखर हिसाब से खदान संचालन के व्यवस्था जैसा कि रोजगार हे, गांव के आदमी मन ला रोजगार कंपनी मन ला कई 8झन, 10 झन, 15 झन गांव के रखे हवय। जेखर से रोजगार मिलत हे उससे शिवाय मिनरल्स भी खदान खोलही और गांव के आदमी मन ला रोजगार देही, हमर गांव के लईका मन ला रोजगार देही, श्यान मन ला रोजगार देही। प्रथम मन से गांव के पब्लिक मन ला रखही। तो हमन ला किसी प्रकार के आपत्ति नई हे ऐखर हमन समर्थन करत हन। बहुत अच्छा है हमर गांव में आने वाला टाईम में रायल्टी के पैसा आईही, और ज्यादा पैसा आईही ग्राम पंचायत में ज्यादा विकास होही।

6. **श्री साधराम शान्ते, ग्राम–छितापंडरिया** :– शिवाय मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड खदान खुलत हवय ओखर लिये हमन समर्थन हवन। हमर गांव के नजदीक के जाने पहचाने ऋषि बनाफर जी ला धन्यवाद देवत हव। हमर गांव मा खदान खोल कर के गांव के लईका मन ला रोजगार दिये हा।

7. **श्री लकेश्वर प्रसाद चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :– माइंस का समर्थन।

8. **श्री बैगाराम, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुले का समर्थन करता हूॅ।

9. **श्री दिगविजय सिंह गौड़, ग्राम–छितापंडरिया** :– जो यहां खदान शिवाय मिनरल्स का खुल रहा है उसका समर्थन करता हूॅ।

10. **श्री मोहनलाल शान्ते, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलत हे मोर समर्थन है।

11. **श्री नारायण, ग्राम–छितापंडरिया** :– शिवाय कंपनी जो खदान खुलत हे मोर समर्थन है।

12. **श्री शिव प्रसाद रात्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :– शिवाय मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड के नाम से खदान खुलत हे। हमर गांव में सबसे ज्यादा रोजगार मिलही। हमर गांव के विकास अच्छा से हो ऐसा मोर आशा है।

13. **श्री छबिलाल, ग्राम–छितापंडरिया** :– समर्थन है।

14. **श्री दिनेश कुमार यादव, ग्राम–छितापंडरिया** :– मैं इसमें समर्थन हूॅ।

15. **श्री काशी प्रसाद यादव, उपसरपंच, ग्राम–छितापंडरिया** :– शिवाय मिनरल्स खदान का समर्थन है।

16. **श्री जितेन्द्र कुमार नारंग, ग्राम–छितापंडरिया** :– मैं शिवाय मिनरल्स को समर्थन दे रहा हॅू। हम लोगों को काम में लगाये और हम लोगों को भी अच्छा रोजगार दे। मै ये कहना चाहता हॅू कि ये खदान खुलना चाहिए मेरा समर्थन है।

17. **श्री रेशम लाल चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खोलने से कोई आपत्ति नहीं है।

18. **श्री विनोद कुमार खूंटे, ग्राम–छितापंडरिया** :– मैं चार पांच साल से काम कर चुका हॅू। बहुत अच्छा आदमी है। हमर नजदीकी आदमी है। हमर सुख–दुख में हमेशा काम आथे। माइंस खुलत हे समर्थन करत हव। नजदीक आदमी है हमला काम मिलत हे। बहुत अच्छा आदमी है।

19. **श्री रामा गोविंद चंद्रा, ग्राम–छितापंडरिया** :– यहां खदान खुलत है ऐखर मैं समर्थन करत हव।

20. **श्री रूद्र मुन्ना खूंटे, ग्राम–दर्राभाटा** :–इस शिवाय मिनरल्स प्रा0 लि0, इस खदान का मैं समर्थन करता हॅू। मेरे क्षेत्र के जितने भी काम करने लायक आदमी है, जिस

हिसाब से पढे लिखे है उन्हे काम मिलना चाहिए। जिस हिसाब से पढे–लिख है उस हिसाब से उसको काम मिलना चाहिए। हमारे क्षेत्र में खदान खुल कर सभी मजदूरो के रूप में सभी को काम देगा। इसलिए मैं इसका समर्थन करता हूॅ।

21. **श्री राम गोपाल रात्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने का समर्थन है।

22. **श्री सोना प्रसाद, ग्राम–छितापंडरिया** :– जो माइंस खुल रहा है उसमें कोई आपत्ति नहीं है।

23. **श्री गोवर्धन प्रसाद, ग्राम– छितापंडरिया** :– खदान खुलने में समर्थन है।

24. **श्री राम प्रसाद कुर्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :– मैं खदान खुलने में समर्थन हूॅ।

25. **श्री बैसाखू राम अजगल्ले, ग्राम–छितापंडरिया** :– समर्थन है।

26. **श्री ईतवारी लाल चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुल रहा है उसमें समर्थन है।

27. **डॉ. धीरेन्द्र, सरपंच, ग्राम–बस्ती बाराद्वार** :– मैं चाहता हूॅ कि स्थानीय लोगों को ज्यादा से ज्यादा काम मिले। खदान का संचालन हो, मेरा समर्थन है।

28. **श्री गनपत, ग्राम–छितापंडरिया** :– मोर समर्थन है।

29. **श्री कोमल प्रसाद पटेल, ग्राम बस्ती बाराद्वार** :– खदान खुलत है वोमा मैं सहमत हूॅ।

30. **श्री सराजे कुर्रे, ग्राम बस्ती बाराद्वार** :– खदान खुलन में सहमत हूॅ।

31. **श्री हरगोविंद, ग्राम बस्ती बाराद्वार** :– खदान खुल रहा है उसमें हम लोग को खुशी है। परंतु खदान के साथ–साथ यहां के लोगों को रोजगार मिले।

32. **श्री चौहान** :– मैं सहमत हूॅ।

33. **श्री गंगाराम** :– खदान खुलने में मैं सहमत हूॅ।

34. **श्री कवल सिंह, ग्राम बस्ती बाराद्वार** :– खदान खुल रहा है सहमत हूॅ।

35. **श्री कुंजराम गोड़** :– खदान खुल रहा है सहमत हूॅ।

36. **श्री संतोष कुमार यादव, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुल रहा है सहमत हूॅ।

37. **श्री राजकुमार चंद्रा, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुल रहा है सहमत हूॅ।

38. **श्री महेश कुमार चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुल रहा है उसका मैं समर्थन कर रहा हूॅ।

39. **श्री दिनेश कुमार गुप्ता, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने में समर्थन है।

40. **श्री दयानंद, ग्राम–ठठारी** :– खदान खुलने का समर्थन करता हूॅ।

41. **श्री अमित लाल, ग्राम–ठठारी** :– खदान का समर्थन है।

42. **श्री हीरालाल सतनामी, ग्राम–छितापंडरिया** :– मैं सहमत हूॅ। बेरोजगारो को काम मिलना चाहिए।

43. **श्री जीवनलाल पटेल, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुल रहा है सहमत हूॅ।

44. **श्री भोजराम साहू, ग्राम–ठठारी** :– ये जो खदान खुल रहा है उसमें मेरा समर्थन है।

45. **श्री भिनीराम, ग्राम–छतापंडरिया** :– खदान खुल रहा है उसमें सहमत हूॅ।

46. **श्री सुरेश कुमार, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुल रहा है उसमें मेरा सहमति है।

47. **श्री नारंग प्रसाद सतनामी** :– खदान खुलने से सहमत हूॅ।

48. **श्री संतोष कुमार, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने से सहमत हूॅ। लेकिन यह कहना है कि गांव के जो भाई है उनको काम मिलना चाहिए। रोजगार मिलना चाहिए।

49. **श्री दिनेश कुमार चंद्रा, ग्राम–छितापंडरिया** :– माइंस जो खुलत हे पूरा सहमत है।

50. **श्री शिव प्रकाश, ग्राम–भांडा,** :– मेरे बच्चा 10 वीं पढा है उसको काम में होना चाहिए।

51. **श्री रोहित कुमार सतनामी, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलत हे और खदान खुले सहमत है।

52. **श्री दिग्विजय खूंटे, ग्राम–छितापंडरिया** :– माइंस में फिल्ड आपरेटर हूॅ। खदान खुलने से हम लोगों को फायदा मिलता है। और रोजगार मिलेगा, हमारे भाईयो को इसलिए मैं समर्थन देता हूॅ, माइंस खुलना चाहिए।

53. **श्री पंचू सिदार, ग्राम–छितापंडरिया** :– इस माइंस खुल रहा है मेरा समर्थन है। माइंस वाले है उनसे मेरा निवेदन है कि कृपया करके गांव का पर्यावरण, रोड सड़क, बिजली इसका विशेष ध्यान रखेंगे। ताकि बरसात में हमारे ग्राम के ग्रामवासी को जो बाराद्वार का मूलत मार्केट है आने–जाने में असुविधा होती है। इसका विशेष ध्यान व ख्याल रखेंगे।

54. **श्री कृष्ण कुमार अजगल्ले, ग्राम–छितापंडरिया** :– जो खदान खुला जा रहा है शिवाय मिनरल्स में मैं समर्थन करता हूॅ लेकिन यहां कोई भी अनुशासन का पालन नहीं करता है। यहां कानून के व्यवस्था को देखते हुए खदान खोला जाये। यहां कोई भी खदान कानून का पालन नहीं करता है। 15 मीटर, 17 मीटर का होल मारा जा रहा है जिससे हमारे घर जर्जर होते जा रहे है इसमें सरकारी संपत्तियों का नुकसान हो रहा है जैसे स्कूल, सामुदायिक भवन, यहां का रोड भी खराब है सही तरीका से बनना चाहिए। गांव के शांति व्यवस्था को देखते हुए खदान खोलना चाहिए। मेरा समर्थन है।

55. **श्री संजय कुमार अजगल्ले, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने में समर्थन है।

56. **श्री किसन लाल भैना, ग्राम–छितापंडरिया** :– मैं शिवाय मिनरल्स का समर्थन करता हूॅं और जितने भी बेरोजगार लडके है उसको रोजगार मिलना चाहिए। यही मेरा कामना है। शिवाय कंपनी को समर्थन देता हूॅं।

57. **श्री कमलेश कुमार चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :– शिवाय कंपनी को मैं समर्थन देता हूॅं।

58. **श्री दौलत लाल खूंटे, ग्राम–छितापंडरिया** :– शिवाय मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा खदान खुलने का समर्थन करता हूॅं।

59. **श्री अमर लाल कुर्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :– मेरा समर्थन है।

60. **श्री नंद कुमार भैना, ग्राम–छितापंडरिया** :– शिवाय मिनरल्स प्रा0 लि0 के द्वारा खदान खुलने का समर्थन करता हूॅं।

61. **श्री दीपक चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने में सहमत हूॅं।

62. **श्री संतराम साण्डेय, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने में मेरा समर्थन है।

63. **श्री गेंदराम सतनामी, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलत हे मैं सहमत हूॅं।

64. **श्री कन्हैया लाल, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने में सहमत हूॅं।

65. **श्री गोरेलाल अजगल्ले, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने में सहमत हूॅं।

66. **श्री रामकुमार भैना, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुल रहा है उसमें सहमत हूॅं।

67. **श्री मनीशंकर कुर्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने में सहमत हूॅं।

68. **श्री बंशीलाल कुर्रे** :– खदान खुलने में सहमत हूॅं।

69. **श्री कन्हैया लाल भैना** :–खदान खुलने में सहमत हूॅं।

70. **श्री पिताम्बर लाल साहू, ग्राम–ठठारी** :– खदान खुल रहा है उसका मैं समर्थन करता हूँ।

71. **श्री मनोज कुमार साहू, ग्राम–ठठारी** :– मेरा समर्थन है।

72. **श्री सुरेन्द्र कुमार रात्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने में मैं सहमत हूँ।

73. **श्री कार्तिक राम** :– खदान खुलने में कोई आपत्ति नहीं है मैं सहमति में हूँ। लेकिन हमारे गांव में बहुत दिक्कत है। कंपनी से मेरा निवेदन है कि गांव के लईका मन ला प्रोत्साहन राशि दे, लईका मन ला आगे पढाये के कोशिश करें।

74. **श्री गोरेलाल कुर्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :– शिवाय मिनरल्स खदान के संबंध में मैं उसके समर्थन में हूँ। खदान खोला जाये। हमारे गांव में फायदा होता है। ग्राम पंचायत, जिला में भी जनपद पंचायत में भी फायदा होता है। इसके समर्थन में हूँ।

75. **श्री कैलाश राम चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :– मोला खदान खुलने में कोई आपत्ति नहीं है। गुरूश्री हा हमन बीमार होते तो 5000 देथे। आदमी मर जाये तो भी 5000 देथे। ये राशि ला डबल किया जाये। खदान खुलत हे वोही मन जितका गुरूश्री देवत हे उमन भी उतका राशि दे। हमर छितापंडरिया में गुरूश्री ह गांव के क्या काम नहीं करे हे। गाडी मा बीमार मन ला गाडी मा अस्पताल ले जाथे। बाहरी कंपनी कुछ देथे नहीं। बाकी कंपनी मन ला भी कहत हव, हमर ग्राम पंचायत भी ला बोलत हव, सरपंच मन ला भी बोलत हव। बाकी कंपनी मन भी राशि दे। राशि पूरा किया जाये। गुरूश्री वो पानी को निस्तार करके वो पानी छितापंडरिया के आदमी मन के काम में आ सके। पानी ला निस्तार करे वो पानी कहां से देही। पानी बिना किसी के जीवन नहीं चलही।

76. **श्री संतराम रात्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलत हे सहमत हव।

77. **श्री धनीराम वार्ड नं. 1, ग्राम–छितापंडरिया** :– नया खदान खुल रहा है वो अच्छा बात है लोकल मन के समर्थन है। जितना कन अच्छाई है ओतना कन बुराई भी है। मैं एक शब्द बोलना चाहत हव है हैवी ब्लास्टिंग होथे। गरीब आदमी मन सरकार के सहयोग से घर बनाथे। मै चाहत हव कि हैवी ब्लास्टिंग के जगह छोटे ब्लास्टिंग

लगाये। ताकि हमर गांव सुरक्षित रहे। अच्छी बात है। दूसरा बात है कि गुरूश्री मिनरल्स जो हमन गांव के आदमी होते उमन ला परेशानी होते। ऐला ध्यान में रखते हुए मोर एक रिक्वेस्ट है। मोटर साईकिल से जावत हे तो गाडी को रोक के जवईला ला जाने देवय। हमला आपत्ति नहीं है न माइंस चलाये के आपत्ति है। सहयोग करत हन, शिवाय मिनरल्स के लेकिन जो गांव के समस्या है मै चाहत हव कि गांव के किसान के जमीन ला मिट्टी डाले के पहली डम्पिंग करे के पहली 20 फीट, 25 फीट एवं 40 फीट डम्पिंग कर लेवे। बरसात के पानी किसान के खेत मा ऊपर से गिरात हवय। तो हमन चाहथन कि किसान मन कि हमर खेत मा मट्टी आवत हे, हमन चाहत हन कि किसान के जमीन ला 10 फीट, 15 फीट जमीन छोडकर माटी डाले। पानी के आये जाये के किसान मन के गांव के आदमी मन ला किसी प्रकार के परेशानी मत हो बस मैं अतका कहना चाहत हव।

78. **श्री चमन लाल संते** :– खदान खुलने में कोई आपत्ति नहीं है।

79. **श्री लोचन प्रसाद रात्रे** :– इस गांव में खदान खुल रहा है इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

80. **श्री हीरासिंह सिदार** :– खदान से कोई आपत्ति नहीं है।

81. **श्री दीपक मधुकर** :– खदान खुल रहा है उसमें मैं सहमत हूॅ।

82. **श्रीमती कौराबाई, ग्राम–छितापंडरिया** :– हमें खदान खुलने में कोई आपत्ति नहीं है। हमर बच्चा मन ला रोजगार मिल जाईही।

83. **श्रीमती बुधवारा चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुल रहा है कोई आपत्ति नहीं है। बेचत हय तो तभी खोलत हे। तभी तो खोले सकही। जब हम जनता मन बेचे है तभी तो खोले हे। वो खदान खोलत हे हमन ला कोई आपत्ति नहीं है।

84. **श्रीमती चमारीन बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुल रहा है मेरो को कोई आपत्ति नहीं है, बढ़िया है।

85. **श्रीमती सावित्री, ग्राम–छितापंडरिया** :– मोला खदान खोले मा कोई आपत्ति नहीं है।

86. **श्रीमती भरत बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुले मा आपत्ति नहीं है।

87. **श्रीमती लक्ष्मीन बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुले मा मोला आपत्ति नहीं है। लईका लोग है पढे–लिखे है तेमन ला काम मा ले जाये।

88. **श्रीमती भूतबाई, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खोले मा मोला कोई आपत्ति नहीं है।

89. **श्रीमती सावित्री बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खोले मा कोई आपत्ति नहीं है।

90. **श्रीमती संतोषी बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खोले मा कोई आपत्ति नहीं है।

91. **श्रीमती गमती बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खोलने से कोई आपत्ति नहीं है।

92. **श्रीमती शीतल बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खोलने में कोई आपत्ति नहीं है।

93. **श्री अनंत रात्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :–गांव मा खदान खुलत हे, वोमा मैं समर्थन हव। लेकिन एक शिकायत है भाई, गांव मा जैसे–जैसे ट्रांसपोटिंग चलत हे वो ट्रांसपोटिंग मन कंपनी ला, यहां बच्चा मन ला बहुत परेशानी होवत हे। यहां से बाराद्वार मा जाये के पडथे बहुत परेशानी होथे। ध्यान मा रखते हुए ट्रांसपोटिंग करे हमें खदान खुले मा कोई आपत्ति नहीं है। सब चीज का पालन करेंगे।

94. **श्री चंद्रप्रकाश खूंटे, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुले मा कोई आपत्ति नहीं है।

95. **श्री सुरेश चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलने में कोई आपत्ति नहीं है। खदान खुलना चाहिए।

96. **श्रीमती सुशीला बाई, कोसाबाडी महिला, ग्राम–छितापंडरिया** :–मोला खदान खुले मा कोई आपत्ति नहीं है। ये मोर सब साथी है।

97. **श्रीमती फूल बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :–कोई आपत्ति नहीं है खदान खुलने में।

98. **श्रीमती रजनी मितान, ग्राम–छितापंडरिया** :–मोला माइंस खुले मा कोई आपत्ति नहीं है।

99. **श्रीमती उमा खूंटे, ग्राम–छितापंडरिया** :–मोला खदान खुले मा कोई आपत्ति नहीं है।

100. **श्रीमती मंजू, ग्राम–छितापंडरिया** :– माइंस खुले मा कोई आपत्ति नहीं है।

101. **श्रीमती शीला कुर्रे, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलत है मोला कोई आपत्ति नहीं है।

102. **श्रीमती माधुरी, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलत हे कोई आपत्ति नहीं है।

103. **श्रीमती सीता बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :–मोला खदान खुले मा कोई आपत्ति नहीं है।

104. **श्री दिलेश्वर, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलने से मेरे को कोई आपत्ति नहीं है।

105. **श्रीमती राजकुमारी, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुले से कोई आपत्ति नहीं है।

106. **श्रीमती अनिता बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलत है कोई आपत्ति नहीं है।

107. **श्रीमती दरसमते, ग्राम–छितापंडरिया** :–:–खदान खुलत है कोई आपत्ति नहीं है।

108. **श्रीमती आकाशा बाई, ग्राम–छितापंडरिया** :–:–खदान खुलने में आपत्ति नहीं है।

109. **श्रीमती रेशम बाई चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :–:–खदान खुलने में आपत्ति नहीं है।

110. **श्री राजकुमार अजगल्ले, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान का समर्थन है। यदि खदान तो खुलना है बहुत सारा और खुलने जा रहा है। लेकिन खदान में होता है नियमो का पालन नहीं किया जाता है। हमारे गांव में उसका कुछ सुविधा भी नहीं मिलता इसलिए मैं खदान वालो से निवेदन करता हूॅ कि मूल भूत की सुविधा है माईनिंग से हमारे गांव को मिलना चाहिए और हमारे गांव में रोड की व्यवस्था रोड जर्जर हो चुका है। रोड को जल्दी से जल्दी खदान वाले मिलकर और शासन वाले मिलकर हमारे गांव में बनवाने की कृपा करें। क्योकि आने जाने में हमको बहुत परेशानी होता है।

111. **श्री सुरेश कुमार, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलने से कोई आपत्ति नहीं है।

112. **श्री दिलहरण, ग्राम–छितापंडरिया** :– खदान खुलने से काई आपत्ति नहीं है।

113. **श्री निर्मल सिंह, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलने से काई आपत्ति नहीं है।

114. **श्री भुनेश्वर, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलने से कोई आपत्ति नहीं है।

115. **श्री प्रहलाद, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलने से कोई आपत्ति नहीं है।

116. **श्री मुकेश, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलने से कोई आपत्ति नहीं है।

117. **श्री दिलेश्वर लहरे, ग्राम–ठठारी** :–खदान खुलने से मैं सहमत हूॅ।

118. **श्री जयकिसन, ग्राम–छितापंडरिया** :–मैं भी काम करथव कंपनी मा, मोला कोई दिक्कत नहीं है कंपनी से हर आदमी काम करें, कंपनी मा हर आदमी काम करें। सम्मति हवय कंपनी के हर आदमी के जेखर कुछू भी काम करें। सहमति भी हैं कंपनी वाले से मोर यही निवेदन है कि कंपनी वाला हमर गांव वाला ला सहमति भी देवय। ये नहीं की कंपनी वाले को कोई दिक्कत नहीं। कंपनी वाला खुद सहमति देवय। सहमति देवत है गांव वाला कंपनी वाले को। या कंपनी वाला खुद सहमति देवय। जो कि हमर गांव मा गुरूश्री हवय प्रोत्साहन जो भी है छट्ठी मा देहे रहिस है। वोला देवय, शुरू से आखरी तक संग देवत है गुरूश्री वाला। वो प्रोत्साहन ला हर कंपनी वाला देवय। हर कंपनी जतका कंपनी खुले हे। चार पांच कंपनी सब देवय। प्रोत्साहन जतना है उतना। मोर यही कहना है।

119. **श्री रवि चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :–मैं ये चीज बोले चाहत हव कि गांव में जितना भी हमारे गांव में जमीन बेचा गया है और दो माइंस खुल रहा है। हमारे गांव में पैसा आ रहा है। हमारे गांव में लडके है लडकी है योग्यता अनुसार दीजिए और बार बार कह रहा हॅू कि योग्यता अनुसार काम में लीजिए और काम में रखिये।

120. **श्री गंगाधर चंद्रा, ग्राम–मलनी** :–मैं चाहता हॅू कि बहुत से कंपनियां यहां पर हम क्षेत्रवासियों को जो सुविधाएं मिलना चाहिए। व ठेकेदार द्वारा कंपनी के द्वारा हम लोगों को व सुविधाएं नहीं दी जा रही है। जिससे हमारे क्षेत्र वासियों को बहुत ही

खदान के खुलने से परेशानी का सामना करना पडेगा। रोड के लिए हम लोग इतने तकलीफ सह रहे है। इसमें बडे–बडे हाईवा चलने के कारण धूल से दुर्गती हो रही है हम क्षेत्र के वासियों को कही भी आने जाने में असुविधा होती है। मैं चाहता हॅू इस माइंस का अलग से रोड हो। हम लोग से तात्पर्य न हो जिससे हमें किसी प्रकार की असुविधा न झेलनी पडे। क्षेत्र में इस कंपनी द्वारा 8.805 हेक्टयेर डोलोमाईट के लिए जमीन अधिग्रहित की जानी है। मै ये जानना चाहता हॅू कि किस विभाग से लेना है ये जमीन निजी है, या पंचायत की है। या वन विभाग की है। मैं जानना चाहता हॅू कि ये जमीन किसकी है। जिसमें यह खदान खुलने वाली है। मैं यहां प्रशासनिक दल के यहां जो बैठे है निवेदन करता हॅू कि जानकारी दे। उनसे पूछना चाहता हॅू कि जानकारी दे या 8.805 हेक्टेयर की जमीन जो अधिग्रहित की जा रही है। वह वन विभाग की है, कि निजी है, कि पंचायत की है। प्रशासनिक अधिकारी बताये कि यह जमीन क्या यहां शासन प्रशासन के अधिकारी नहीं है। किसी को मालूम नहीं है। जो जमीन अधिग्रहित की जा रही है। यह जमीन वन विभाग की है कि शासकीय है। या निजी किसानों का है। इस तरह से यदि हमारा 8.805 हेक्टेयर, इतने मे तो हमारी जमीन किसानों की जमीन निकल जायेगी। 8.0 हेक्टेयर होता है 1 हेक्टेयर बराबर 2.50 एकड़ होता है। 20 एकड के आसपास में में ये खदान संचालित किया जायेगा। कि मैं चाहता हॅू कि खदान इस क्षेत्र में संचालित हो। इसका हम आपत्ति नहीं करते है। परंतु खदान के द्वारा हम ये चाहते है कि एक तरफ समिति बने जिस समिति में हमारे क्षेत्रवासियों का ग्रामवासियों का सहभागिता होना जरूरी है। बीच–बीच में समस्याएं आती है। समिति के पास में, कंपनी के पास में, ठेकेदार के पास में उस समस्या का निराकरण होता रहे। कही ऐसा न हो कि हम सहमति दे दिये खदान को खदान खुल गया उसके बाद हमारा कोई सुनने वाला नहीं हो। समिति का गठन हो। समिति हमारे क्षेत्रवासी व ग्रामवासियों का भी सहभागिता हो। जो अपना बात रख सके। अपना बात रख के यदि कोई कठिनाई आती है। कंपनी द्वारा या शासन प्रशासन द्वारा उस कठिनाई को जो है उसको सुलझाया जा सकें। इस प्रकार से इस क्षेत्र में जो वन जो अमूल्य डोलोमाईट खनिज है। व बहुत ही कीमती खनिज है। इसका ठेकेदारो द्वारा, कंपनियों द्वारा जो अधिग्रहित या उनको खोदकर ले जाते है जो हमारे क्षेत्र को गौण खनिज को फायदा मिलना चाहिए। वो फायदा नहीं मिल पाता है। वास्तव में देखा जाये तो हम अभी तक देखते आये है कि 100 टन माल निकाले लेकिन 50 टन निकाले के जगह 50 टन भारी पड जायेगा। हमारे क्षेत्र में गौण खनिज का राशि मिलना चाहिए। वह राशि हमें नहीं मिल पा रही है। क्योंकि आधा तो ऐसी ही चली जाती है। मैं चाहता हॅू कि वास्तव में क्षेत्र में विकास भी जरूरी है। क्षेत्र में अच्छे से

विकास हो। गौण खनिज का जो दोहन यहा पर की जा रही है। उसकी जो संपूर्ण लाभांश है। वह हमारे क्षेत्र को मिलना चाहिए। इस प्रकार से आप के कंपनी को यहां पर माइंस खोलने में कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन हम क्षेत्रवासियों का समस्याएं है। ठेकेदार को उनको भी ध्यान देना चाहिए।

121. **श्री संतोष कुमार मरावी सरपंच, ग्राम–छितापंडरिया** :–मैं ये खदान खुल रहा है इसके समर्थन में हूँ। लेकिन जो ऑनर है उनको बोलना चाहता हूँ कि सही काम ग्राम पंचायत के समर्थन और ऑनर के द्वारा काम आगे बढे और किसी प्रकार से गांव वालो को ऑनर के द्वारा तकलीफ न हो। क्योंकि सभी किसानों का उन खदानों से जमीन लगा हुआ है। उनको पानी का तकलीफ न हो, उनको खेती करने कठिनाई न हो। उसकी सारी व्यवस्था ऑनर को करना पडेगा। हमारे यहां जितने भी वो है काम करने हमारे यहां ड्राईवर है सुपरवाईजर है उनको ज्यादा से ज्यादा काम दे। क्योंकि किसान अपनी सारी जमीन बेच चुके है। सब बेरोजगार हो चुके है। पढे लिखे युवा है उनको काम दे। व अपने–अपने योगदान दे। बच्चे लोगों को काम दे, उनकी योग्यता के अनुसार काम दे। ग्राम पंचायत में एक ही रोड है अभी एक ही माइंस का गाड़ी चलता है। हम लोग को आने–जाने में बहुत परेशानी होती है। अगर माइंस चलता है तो दोनो तीनों रोड़ को मैनटनेंस करके रखना पडेगा और बनाना पडेगा। गांव वाले का मांग है कि छितापंडरिया में एक भी रोड़ नहीं है। आने जाने के लिए हमारा सारा काम बाराद्वार–जैजैपुर में छोटे–छोटे बच्चे पढने जाते है। उनको बरसात के समय में बहुत सारा कठिनाईयों का सामना करना पडता है। आज मैं यह कहना चाहता हूँ कि सारा व्यवस्था को देखते हुए व्यवस्था करना पडेगा। पंचायत के विरूद्व उनको सामना करना पडेगा। ये खदान का सहमति है कोई आपत्ति नहीं है।

122. **श्री छेदीलाल काटले, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलने में कोई आपत्ति नहीं है। आपत्ति थोडी सी है। अभी गुरूश्री के कोसाबाडी से आने चौक तक दूसरा कंपनी के तो पूरा रोड डेमेज हो गये है। जैसे गुरूश्री चलात हे मैनटनेंस करत हे। वैसे प्रकार से मैनेज किया जाये।

123. **श्री पदुमलाल लहरे, बहुजन समाज पाटी के कार्यक्रर्ता, ग्राम–छितापंडरिया** :–शिवाय मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड जो खदान खुलने से कोई समस्या नहीं है। लेकिन जो भी रोड है खम्हरिया से बाराद्वार तक इसमें बहुत सारी समस्या है। ओव्हर लोडिंग को ले जाते है सब रोड का चौडीकरण होने के कारण मटेरियल गिर गिर के सकरा

हो जा रहा है। उस पर विशेष ध्यान देंगे। जो गिट्टी गिर रहा है रोड में आने–जाने में उसको विशेष करके उसको साफ–सफाई करायेंगे। खदान खुलने में समर्थन है।

124. **श्री हरिहर सिंह गोड, ग्राम–छितापंडरिया** :–इसमे ये पता किया जाये कि जमीन किसका–किसका ईधर हुआ है। यहां गांव में ज्यादा से ज्यादा जमीन बेजा कब्जा है। बेजा कब्जा ज्यादा है खुद का जमीन बेचकर, बेजा कब्जा में निराकरण किया जाये। यहां पर बेजा कब्जा देखना। बेजा कब्जा यहां पर हद से ज्यादा है। खदान खुलने से घर को ही करना चाहिए।

125. **श्री पीलाराम, ग्राम–छितापंडरिया** :–मोर कोई जमीन नहीं है, कुछ नहीं है। मोर दो ठन बेटा है। काम में रखही। तब से भटकत हे मोर बच्चा मन 12 वीं, 10 वी. पढे लिखे हे। अभी तक कोई सरपंच पटेल मोर गांव के बच्चा मन ला कोई नौकरी नहीं दे सकीस, न दे सके। बेल्हाडीह मा पत्थरा फोड–फोड के अपन बाल बच्चा मन ला पढाहे हव। तहसीलदार होये कि पटवारी होये कि सरकार हा, मैं माता दरबार के रहने वाला हव। अभी तक मोर बाल बच्चा मन ला लोग लईका मन ला छोटे से छोटे कम से कम नौकरी देतीन। ऐही गांव मा मरना है ऐही गांव मा जीना है। खदान के बारे से मैं बोलत हव कोसाबाडी है मोर बाल बच्चा नौकरी मा लगे होही ना ऐला तुमन बता देवा। खदान चलात हे ऐखर मैं समर्थन हे।

126. **श्री रघुनाथ भैना, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान खुलत है ऐखर मै समर्थन देवत हव।

127. **श्री रविशंकर अजगल्ले, ग्राम–छितापंडरिया** :–आज हमारे छितापंडरिया में माइंस खोलने के लिए लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है, जिसका मैं समर्थन करता हूॅ। लेकिन कुछ–कुछ समस्याएं है जो कंपनी द्वारा गांव के सरपंच द्वारा जो आए अधिकारी द्वारा सुलझाने का कष्ट करेंगे। ऐसा नहीं है कि यहां आए और वहां जाकर भूल गये। तो पिछले गुरूश्री माइंस का एनओसी दिया गया था। उसमें बहुत सी आपत्ति थी फिर भी माइंस खुला है। कुछ–कुछ समस्याएं जैसे आज रोड का हालत बहुत जर्जर हो चुका है। आप आए है तो आपको दिखा होगा रोड का कैसा हाल है। छितापंडरिया ग्राम में आ नहीं रहे है बनाने वाले क्योंकि रास्ता बहुत खराब है। तो माइंस संचालन है उनसे मैं अनुरोध करता हूॅ। रोड को दो भाग में उसको एक भाग में माइंस का गाडी चलाये और एक भाग में हमारे गांव का रास्ता बनाये। साथ ही साथ हमारे ग्राम में छोटे बच्चे है उनके लिए निशुल्क इंग्लिस मिडियम

खोला जाये, कोचिंग सेंटर खोला जाये। ये सब चीज मांग रहे है और बिजली पानी, आये दिन हमारे गांव में बिजली टूट जाता है। जिसका बहुत ज्यादा समस्या होता है तो बिजली का विशेष रूप से ध्यान दे। पानी का बहुत समस्या है। इन सब चीजों को ध्यान देते हुए पिछले बार माइंस खुला था तो कुछ–कुछ सुविधाएं हमाको उपलब्ध कराई है। जिससे हम लोग बहुत लभांवित हो रहे है। जैसे हमारे ग्राम को एम्बुलेंस की सुविधा दिया जाए। किसी प्रकार से कोई आदमी मर रहा है। तो उसको कार्यक्रम करने के लिए 5000, 10000 का सहयोग करते है। कुछ–कुछ छोटी–छोटी चीजें है जो सहयोग करते है। वो सहयोग करते है ठीक उसी प्रकार जो माइंस खोलेंगे उनके द्वारा उनसे मेरा निवेदन है कि ठीक उसी प्रकार कोई भी सुविधाएं उपलब्ध कराएं और गांव के जो मूलभूत है उस सुविधाएं को ध्यान में रखते उपलब्ध कराये।

128. **श्री मनोज कुमार दिवाकर, ग्राम–छितापंडरिया** :–ये खदान खुलत हे ओमा कोई आपत्ति नहीं है। ये अच्छी बात है।

129. **श्री जगदीश प्रसाद यादव, ग्राम–छितापंडरिया** :–04/06/2025 को शिवाय मिनरल्स प्रा0 लि0, खदान खुलने हेतु जन सुनवाई में उपस्थित हूॅ मैं अतः शिवाय मिनरल्स प्रा0 लि0, खदान खुलने से मेरे को कोई आपत्ति नहीं है।

130. **श्री लक्ष्मी प्रसाद चौहान, ग्राम–छितापंडरिया** :–जो माइंस खुल रहा है उसका मैं समर्थन में हूॅ।

131. **श्री ललित कुमार चंद्रा, ग्राम–छितापंडरिया** :–मैं खदान खुलने में सहमत हूॅ।

132. **श्री विदेशी, ग्राम–छितापंडरिया** :– आज गिरधर गुप्ता ला हमन 16.0 एकड़ दिये हन। कुछ नहीं करें। हमन ला कुछ नहीं दिये हे, बीसा बीसा के खेती करत थन। आज हमन कहथन ये तत्काल पहुंचाते और गिरधर गुप्ता पंचायत हेमंत भाई रहीस हे, हमन के संतोष भाई रहीस हे, मंगलू सरपंच रहीस हे, आज दिये हे 16 17 एकड ला फोक्ट मा दिये है आज हमन मांगथन। एक झन आदमी नहीं रखे है। आदमी आज तक तरस तरस तक ऐ ठेकेदार मन ला धोकाधाडी करके, चमका–चमका के आदमी रखतन गिरधर गुप्ता ला जमीन दिये हन, तेमा एक आदमी मन ला नहीं रखत हे। ऐ कारण क्या है जमीन ला हमन तो बेच डालिन

आज ओखरे खातिर तो खदान खुले बर लिये है। आज हमन समर्थन हन। पूरा समर्थन हन।

133. **श्री मोतीलाल पाटले, ग्राम–छितापंडरिया** :–खदान ला पूरा सहमति है।

134. **श्री योगेश सिंह सिदार, ग्राम–छितापंडरिया** :–मैं खदान खुले के समर्थन हव।

135. **श्री कन्हैया लाल मरावी, भूतपूर्व सरपंच ग्राम–छितापंडरिया** :– मुझे एक ही बात कहना है। माननीय अधिकारी/कर्मचारी सभी से आग्रह करूंगा कि हमारे जितने भी गांव के जितने भी नवजवान हमारे बच्चे उपस्थित है या नहीं है। उन सभी समस्याओं को देखते हुए रोजगार उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे। क्योंकि हमारा गांव एक काफी पिछड़ा हुआ गांव है। जहां लोगों को प्रताडित हमेशा बना रहता है। परंतु मैं सभी से आग्रह करूंगा हमारे कर्मचारी/अधिकारियों जितने भी गणमान्य व्यक्ति से सभी से प्रार्थना है कि हमारे आज के नवजवान समस्त साथियों को योजना का अवसर प्रदान होगा इसमें आप सभी का अहम भूमिका होना चाहिए। मैं चाहूंगा कि आप सभी लोगों में जैसा उम्मीद हम लोगों में विचार किया है। उस बात में खरा उतरेंगें। क्योंकि हमारे ग्राम में रोजगार की कमी है और हमारे नवजवान साथियों को रोजगार हमेशा उपलब्ध कराते रहे और मैं खदान खुलने में सहमत हूँ।

तत् पश्चात् लगभग 3:30 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में 120 आवेदन पत्र सुझाव/विचार/टीका –टिप्पणी प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 135 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 250 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 108 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर/अंगूठा लगाया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**क्षेत्रीय कार्यालय,**
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर (छ.ग.)

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.),**
**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती**
जिला–सक्ती (छ.ग.)